51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.8 °c
अधिकतम 29.9 °c

**अमृतवाणी**

जो अपनी गलतियों से सीखता है, उसे सदा नया अनुभव मिलता है, और जो उस अनुभव का प्रयोग करता है, उसे जीवन जीने का एक नया तरीका मिलता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

ये जो प्रधानमन्त्री को विदेशों में इज्जत मिलती है ये उनको नहीं मुल्क को मिलती है : महबूबा मुफ्ती



सूर्योदय : 5:20, सूर्यास्त : 7:22 | वर्ष : 51/ अंक : 174 | रविवार, 25 जून 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

समझाने का नहीं जमाना..
आज समझ जाने का है.....

# मुस्लिमों के 'हिन्दू होटल' कर रहे धर्म भ्रष्ट

- सात दिनों में जिला प्रशासन ने होटल बंद नहीं कराये तो यशवीर आश्रम धर्म रक्षा को करेगा आंदोलन
- हिन्दू धर्म के प्रतीकों के नाम पर होटल चला रहे मुस्लिमों को स्वामी यशवीर महाराज ने दी कड़ी चेतावनी

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा सिर पर आ चुकी है। पुलिस और प्रशासन का पूरा अमला उत्तराखंड से गंगा जल उठाकर भगवान शिव की आराधना के लिए आने वाले शिव भक्त कांवड़ियों को सुरक्षा, सुविधा और सेवा प्रदान करने के लिए सरकारी और गैर सरकारी व्यवस्था बनाने में दिन रात जुटा हुआ है। ऐसे में कांवड मार्ग पर पेड़ों की टहनियों से लेकर विद्युत तारों तक और होटलों से लेकर खानपान के ठियों और ठेलों तक भी पुलिस प्रशासन की नजर है। सारी व्यवस्था सुनिश्चित करने में जुटे प्रशासन के लिए अब एक नई चुनौती बनती नजर आ रही है। धर्मांतरण कर चुके हिन्दू परिवारों की घर वापसी कराने वाले स्वामी यशवीर महाराज ने कांवड यात्रा की तैयारियों के बीच प्रशासन को नई उल-ान में फंसा दिया है।



मेरठ से हरिद्वार के बीच दिल्ली देहरादून हाईवे और दूसरे मुख्य मार्गों पर ऐसे कई होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट खुले नजर आते हैं, जिनके संचालक तो मुस्लिम हैं जबकि इन होटल और ढाबों का नाम हिन्दू धर्म के प्रतीकों या देवी-देवताओं के नाम पर है। इससे हिन्दू समाज के लोगों में फैल रहे भ्रम के कारण आये दिन संगठन और अन्य लोग मुस्लिमों के द्वारा चलाये जा रहे इन 'हिन्दू होटल' पर धर्म भ्रष्ट होने के आरोप लगाये जाते रहे हैं। कई बार यह मुद्दा उठा और दबा दिया गया, लेकिन अब इस मामले में श्रावण मास की कांवड़ यात्रा से पहले ही बड़ा आंदोलन करने के लिए यशवीर आश्रम ने तैयारी कर ली है। आज स्वामी यशवीर महाराज ने जिला प्रशासन को साफ साफ कह दिया है कि यदि सात दिनों में मेरठ से हरिद्वार तक हाइर्व पर खुले मुस्लिमों के इन 'हिन्दू होटल-ढाबे' के नाम नहीं बदलवाये, गये तो हिन्दू समाज को साथ लेकर बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

योग साधना यशवीर आश्रम बघरा के महंत स्वामी यशवीर महाराज ने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद में कुछ मुस्लिम हिन्दुओं के नाम पर होटल चला रहे हैं। यह सिलसिला मेरठ से लेकर हरिद्वार तक बना हुआ है। यहां पर काफी संख्या में होटल और ढाबे मुस्लिमों के हैं, लेकिन वे लोग अपने होटलों का नाम सनातन धर्म के देवी-देवताओं के नाम पर व हिंदू धर्म के प्रतीकों के नाम पर रखते हैं, जिससे कि यहां से गुजरने वाले हिंदू यात्री होटल व ढाबों के नामों से भ्रमित होकर उनके यहां भोजन कर लेते हैं। इसे हिंदू यात्रियों के साथ बहुत बड़ा धोखा बताते हुए यशवीर महाराज ने कहा है कि क्योंकि अधिकतर हिंदू शाकाहारी होते हैं और मुसलमान मांसाहारी होते हैं और जिन बर्तनों में ये लोग मांस-अंडे बनाते हैं, उन्हीं बर्तनों में शाकाहारी भोजन बनाकर हिंदू यात्रियों को अपने होटल और ढाबों पर खिलाने का काम भी करते हैं। उन्होंने कहा कि हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि ऐसे मुस्लिम संचालकों के होटल से हिंदू नाम के बोर्ड उतारकर मुस्लिम होटल होने के बोर्ड लगाने की कार्यवाही की जाये ताकि हिन्दू समाज के लोगों को किसी भी स्तर पर भ्रम में ना डाल सकें। उन्होंने कहा कि हम जिला प्रशासन को कार्यवाही के लिए 7 दिन का समय देते हैं, इस अवधि में या तो मुस्लिम संचालक अपने होटल के लिए मुसलमान नाम के बोर्ड लगा लें या प्रशासन इनके होटलों पर लगे हिन्दू प्रतीकों व देवी देवताओं के नाम वाले बोर्ड हटा दे। यशवीर महाराज ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस अवधि में जिला प्रशासन के स्तर से या स्वयं मुस्लिम संचालकों की ओर से बोर्ड हटाने की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो 7 दिन बाद हम स्वयं समाज को साथ लेकर मुस्लिम होटलों पर लगे हिंदू नाम के बोर्ड हटा देंगे। स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि हमारी स्पष्ट चेतावनी है कि होटल चलाने हैं तो मुसलमान नाम से खूब चलाओ, हिंदू नाम से किसी भी कीमत पर मुस्लिमों के इन 'हिन्दू होटल-ढाबों' को चलने नहीं दिया जायेगा। स्वामी यशवीर महाराज ने अपने बयान में कहा कि यदि ये होटल चलाने वाले मुस्लिमों की सनातन धर्म में इतनी ही आस्था है और वो अपना कारोबार श्रद्धा भाव के साथ हिन्दू देवी-देवताओं के नाम से चलाने में कोई भी परेशानी नहीं सम-ाते तो ऐसे सभी मुस्लिमों को मेरा खुला निमंत्रण है कि वो सनातन धर्म में घर वापसी करके इस्लाम से किनारा कर जायें। इसके बाद उनको समाज की ओर से अनुमति होगी कि वो सनातन धर्म के देवी-देवताओं के चित्र व नाम लिखकर अपने होटल संचालित करें। इससे समाज में भी भ्रम नहीं होगा और घर वापसी से उनका धर्म भी बच जायेगा।




## मासूम बच्ची से रेप के आरोपी को उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** 8 साल की बच्ची से रेप करने के मामले में आरोपी को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी पर कोर्ट ने 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। करीब 1 वर्ष पहले शहर कोतवाली क्षेत्र में ये रेप की घटना हुई थी। विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार शर्मा और मनमोहन वर्मा ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 8 वर्षीय बालिका से रेप किया गया था। पीड़िता की मां ने 30 जुलाई 2022 को शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी 8 वर्षीय बेटी दुकान से कुछ सामान लेने गई थी। आरोप था कि जब बच्ची सामान लेकर लौट रही थी, तो आरिज उसे अपने बाथरूम ले गया। जहां उसके साथ उसने रेप किया। बताया कि बालिका जब दर्द से चिल्लाई तो मां ने जाकर उसे बचाया। इस मामले में पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार शर्मा और मनमोहन वर्मा ने बताया कि घटना के मुकदमे की सुनवाई विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट के जज बाबूराम ने की। उन्होंने बताया कि अभियोजन ने घटना साबित करने के लिए कोर्ट में 8 गवाह पेश किए। दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी आरिज को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। गंभीर रूप से घायल 8 वर्षीय बालिका को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था। उसकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सक मुरली भास्कर ने उसे हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया था, जहां कई दिन तक उसका उपचार चला था।



## मन्सूरपुर थाने के सामने हाईवे पर कई बार पलटी कार, कई जिन्दगी बची

- लापरवाही के चलते हो सकता था बड़ा हादसा, कार के डिवाईडर पर चढ़ने के कारण काफी देर यातायात रहा प्रभावित



**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** मंसूरपुर में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। नेशनल हाईवे-58 पर मोबाइल पर बात कर रहे कार चालक की कार को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, इस कारण एक कार डिवाईडर पर चढ़कर पलट गई, जबकि दूसरी कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार सवार लोगों को चोट नहीं आई। हादसे के कारण काफी देर तक दिल्ली-हरिद्वार हाईवे का यातायात प्रभावित रहा।

शनिवार को हाईवे पर यातायात का दबाव बना हुआ था। तीसरे पहर मन्सूरपुर थाने के सामने मोबाइल पर बात करने के चक्कर में बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। दरअसल, कार सवार दिल्ली की तरफ जा रहा था। जिसका चालक फोन पर बात कर रहा था। अचानक ब्रेक मारने के कारण ट्रक पीछे से टकरा गया। घबराहट में चालक दूसरी कार को टक्कर मारते हुए डिवाईडर पर जा चढ़ा। असंतुलित होने के कारण कार पलटती चली गई। चालक को तो चोट नहीं आई, लेकिन कार के शीशे चकनाचूर हो गये। उधर दूसरी कार सवार चार लोग भी बच गये। अलबत्ता उनकी कार का पिछला शीशा जरूर टूट गया। इस हादसे के कारण कार चालक ने ट्रक चालक को उतारकर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ देर में दोनों ओर के वाहन रुक जाने के कारण लंबी कतारें लग गई और मौके पर तमाशबीनों का तांता लग गया। वाहन चालक एक दूसरे को आरोपित कर हादसा का जिम्मेदार बता रहे थे। बाद में मन्सूरपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डिवाईडर में फंसी कार को हटवाकर यातायात शुरू कराया। पुलिस ने कार और ट्रक चालक को थाने ले जाकर सुलह सम-ौता कराने के प्रयास किये। पुलिस का कहना था कि यह हादसा लापरवाही के चलते हुआ है। कुदरत का करम रहा कि किसी तरह की जनहानि नहीं हो सकी।

## करंट से चिकित्सक और 3 साल के बच्चे की मौत

**इलेक्ट्रिक बोर्ड में उंगली देने से बच्चे को लगा करंट, कोहराम**

**चरथावल, 24 जून (बु.)।** करंट लगने से 3 साल के बच्चे और एक चिकित्सक की मौत हो गई। अलग-अलग घटनाक्रम के तहत बच्चे की मौत नहाने के बाद एक इलेक्ट्रिक बोर्ड में उंगली देने से हुई, जबकि बिजली चले जाने के बाद इन्वर्टर स्टार्ट करते समय चिकित्सक को करंट लगा। चरथावल थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में हुई हृदय विदारक घटनाओं के चलते शोक छाया हुआ है। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा में महमूद का 3 वर्षीय बेटा जानू घर में खेल रहा था। परिजनों के अनुसार जानू को उसकी माता ने स्नान कराकर फर्श पर खेलने छोड़ दिया था। उसी दौरान जानू खेलता खेलता एक इलेक्ट्रिक बोर्ड के पास चला गया। परिजनों के अनुसार जैसे ही जानू ने इलेक्ट्रिक बोर्ड में उंगली दी, तो उसे जोर का झटका लगा। बेहोशी की हालत में जानू को परिजन चिकित्सक के पास ले गए, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। 3 साल के बच्चे की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा है। चरथावल देहात में हृदय विदारक घटनाक्रम के तहत चिकित्सक मुदस्सिर पुत्र अयूब की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मुदस्सिर लाइट चले जाने के बाद इनवर्टर खोलने के लिए कमरे में गया था। बताया कि इनवर्टर ऑन करते समय अचानक करंट लगने से मुदस्सिर बेहोश हो गया। घर पर ही चिकित्सक को बुलाया गया, लेकिन मुदस्सिर को होश नहीं आया। चिकित्सक ने चेकअप के बाद मुदस्सिर को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मुदस्सिर को सुपुर्द ए खाक कर दिया है।

## जेल में बंद आईपीएस मणिलाल पाटीदार बर्खास्त

**लखनऊ।** महोबा के खनन कारोबारी की मौत के मामले में जेल में बंद आईपीएस मणिलाल पाटीदार को केंद्र सरकार ने बर्खास्त कर दिया है। महोबा के एसपी रहने के दौरान खनन कारोबारी इंद्रकांत त्रिपाठी ने उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर 7 सितंबर 2020 को वायरल हुआ था। इसके दो दिन बाद इंद्रकांत त्रिपाठी की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पाटीदार सहित चार के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

## फांसी लगाकर दी जान

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला मदीना कॉलोनी में एक नवयुवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मदीना कॉलोनी निवासी 18 वर्षीया सोनू उर्फ नदीम पुत्र तजलीम ने शनिवार को अपने घर में फांसी लगा ली। सोनू को फांसी पर झूलता देख उसके परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और तहकीकात में जुट गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रशियन की चाह में पहुंचा हवालात

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** शहर के एक कॉलेज में रशियन कहां मिलेगी लिखा हुआ बोर्ड लेकर कैंपस में घूमता हुए एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस इस मामले में कार्यवाही किए जाने की बात कह रही है। सोशल मीडिया पर शहर के एक कॉलेज के कैंपस का वीडियो वायरल हो रहा है, जहां एक युवक हाथ में एक बोर्ड लेकर घूम रहा है। बोर्ड पर लिखा है रशियन कहां मिलेगी, जिसके कारण वहां मौजूद छात्राएं भी शर्म के मारे चुपचाप जा रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। युवक कॉलेज का छात्र बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गांव सलेमपुर का रहने वाला है। पुलिस आरोपी के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्यवाही की बात कह रही है। उधर लोगों में चर्चा है कि ऐसे में कॉलेज का प्रशासनिक विभाग कहां है, पुलिस ने अपनी जिम्मेवारी पूरी करते हुए कार्यवाही कर दी है, लेकिन कॉलेज प्रशासन अभी भी इस मुद्दे पर मौन है।

## दो चौकी प्रभारी बदले

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** एसएसपी ने शनिवार को जारी तबादला सूची में दो चौकी प्रभारियों के स्थानों में फेरबदल किया है। एससपी ने कच्ची सड़क चौकी प्रभारी ललित कसाना को चरथावल थाने की बिरालसी चौकी का प्रभारी बनाकर भेजा है। उनके स्थान पर संदीप कुमार को कच्ची सड़क चौकी का प्रभारी बनाया गया है।






## बिना जांच नौकरों को काम न दें: सीओ

**भोपा, 24 जून (बु.)।** शनिवार को संपूर्ण समाधान थाना दिवस में सीओ राम आशीष यादव ने कहा कि गांव करहेड़ा में किसान प्रवीण के यहां कई माह से रहने वाले झारखंड प्रदेश के जिला दुमका थाना तुगरा के गांव बाबुपुर का नौकर सोनू ने ही साथी संग मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया तथा वृद्धा सोहनवीरी ने शोर मचाया तो नौकर ने ही लोहे की रॉड से उनके सिर में वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे पहले नौकर सोनू वर्ष 2021 में मोरना से चोरी की वारदात में जेल गया था, जो एक साल की सजा काटकर आया था। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की, कि हर हाल में नौकर का थाने से आपराधिक इतिहास जरूर जान लें, इसके बाद ही उसे घरों में काम पर रखें। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार, एसएसआई सत्यनारायण दहिया, लेखपाल, रमेशचंद, मुकेश, सुरेश, मनोज, अंकित आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ में योग गुरू राजीव सम्मानित

**भोपा, 24 जून (बु.)।** लखनऊ में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा पंचम राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गांव योगेंद्रनगर प्राथमिक विद्यालय के योग शिक्षक राजीव सहरावत ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल चौहान ने बताया कि लखनऊ में योग शिक्षक राजीव सहरावत ने जिले की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके बाद उन्हें बीते शुक्रवार को शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने सम्मानित किया। शनिवार को जिले में लौटने पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शर्मिल राठी, रामकुमार, डॉ. अनुज कुमार, अजय जैन ने भव्य स्वागत कर बधाई दी है।

## पशु पैंठ के चलते पूरा दिन हाईवे रहा जाम

**छपार, 24 जून (बु.)।** हाइवे पर शनिवार के दिन पशुओं की ले-बेच को लेकर पैंठ लगती है। अगले सप्ताह पड़ने वाली बकरीद को लेकर इस बार पैंठ में हजारों व्यापारी पहुंचे। त्योहार को लेकर पशुओं को खरीदने वालों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हाइवे के दोनों ओर व्यापारियों के निजी वाहनों की लंबी लाइनें लगी। पैंठ भरने वाली जगह छोटे बड़े ट्रकों तथा ट्रैक्टर-ट्रालियों से पट गई। पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड के अलावा बिजनौर, मेरठ, गाज़ियाबाद, मुरादाबाद तक के लोगों की भीड़ पशुओं को खरीदने व बेचने के लिए पहुंची। भीड़ के चलते हाइवे पर जाम लग गया। बागोवाली वाले रास्ते से पचेंडा पुल तक हालात ज्यादा बदतर रहे। दिल्ली की ओर से आ रही सड़क पर वाहनों की चार लाइनें लग गई। बसों व ट्रकों में बैठे लोग उमस के चलते परेशान हो गए।

# फलौदा में बनेगा नया बिजलीघर, आस-पास के दर्जनों गांव होंगे लाभान्वितः प्रमोद

### 110 केवी बिजलीघर के लिए मिले 104 करोड़



**पुरकाजी, 24 जून (बु.)।** नगर पंचायत पुरकाजी के सभागार में पूर्व भाजपा विधायक प्रमोद उटवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा दो वर्ष पूर्व पुरकाजी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिये प्रस्ताव शासन को भेजे गये थे, जिसमें शासन द्वारा 104 करोड़ रुपए के प्रस्ताव स्वीकृत हो गये। इस बजट से गांव फलौदा में 110 केवी क्षमता का नया बिजलीघर बनेगा।

पुरकाजी नगर पंचायत सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जर्जर विद्युत लाइन के स्थान पर केबिल, नये ट्रांसफारमर आदि कार्य पास हुए हैं। प्रेसवार्ता में एसडीओ अजय यादव व हल्का लेखपाल केपी सिंह से बिजलीघर के लिये फलौदा में चिन्हित की गई भूमि के बारे में वार्ता की। पूर्व विधायक और एसडीओ ने बताया कि फलौदा में नया बिजलीघर बनने से पुरकाजी ग्रामीण क्षेत्रो में अब्दुलपुर, लखनौती, भैसानी, माण्डला, खाईखेडी सहित लगभग एक दर्जन गांवो को लाभ मिलेगा। फलौदा से जुड़ने वालों को पुरकाजी से हटा दिया जायेगा, गांव और कस्बे को 24 घण्टे बिजली मिलेगी। उन्होंने बताया कि नार्वेनगर और मिर्जापुर को ट्यूबवेल की लाइन से हटाकर बिजलीघर से जोड़ा जायेगा,उन्हें 12 घण्टे की जगह 24 घण्टे बिजली मिलेगी। प्रेस वार्ता में एसडीओ अजय यादव, भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर, सभासद निसार अहमद, बिजेन्द्र मलीरा, हरिराम सक्सेना, केपी सिंह, डा. रणजीत गोर्सी, सुनील कुमार मौजूद रहे।

# रेशू लाये कांवड़ियों के रजिस्ट्रेशन का फार्मूला



### पीएम मोदी और यूपी सहित सात राज्यों के सीएम को लिखा सलाह पत्र

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** वरिष्ठ समाजसेवी और उद्यमी सत्यप्रकाश रेशू ने जुलाई माह में प्रस्तावित कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कांवड़ियों की सुगम व्यवस्था और उनकी सुरक्षा के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही कांवड यात्रा का संचालन करने वाले उत्तर प्रदेश सहित पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, बिहार व उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों को भेजी। उन्होंने अपनी इस कार्ययोजना में देश में आयोजित होने वाली बड़ी धार्मिक यात्राओं अमरनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ, चार धाम और माता वैष्णो देवी की तर्ज पर शिव भक्त कांवड़ियों के लिए कांवड यात्रा में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था लागू करते हुए श्रीणेय कांवड़ आयोग के गठन का सुझाव दिया गया है। साथ ही कांवड़ियों का बीमा भी इस यात्रा में अनिवार्य करने की सलाह भी दी गई है।

दरअसल, श्रावण माह में कांवड़ यात्रा में करोड़ों कांवड़िये उत्तराखंड और यूपी की सीमा से होकर गुजरते हैं। इस बार यह यात्रा जुलाई माह में प्रस्तावित है। लंबे समय से कांवड़ यात्रा से जुड़े रहे वरिष्ठ समाजसेवी सत्यप्रकाश रेशू ने सभी पहलुओं पर मंथन करने के बाद कांवड़ यात्रा को लेकर एक कार्ययोजना तैयार की है। इस कार्ययोजना का पूरा प्रारूप डिजिटल और दस्तावेजी हिसाब से तैयार किया गया। समाजसेवी रेशू ने आगामी कांवड़ के मद्देनजर पूरा फार्मूला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को भेजा है।

इस सुझाव पत्र में सत्य प्रकाश रेशू ने कहा है कि श्रावण मास की कांवड़ यात्रा का स्वरूप दूसरी बड़ी धार्मिक यात्राओं से कम नहीं है। हर साल करोड़ों की संख्या में शिवभक्त इस यात्रा में शामिल होते हैं। देश में अमरनाथ यात्रा, वैष्णो देवी यात्रा, मानसरोवर यात्रा, बालाजी तिरुपति यात्रा में यात्रियों के रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और मेडिकल की सुविधा उपलब्ध रहती है। उसी तरह कांवड़ यात्रा को सुरक्षित व्यवस्थित बनाने के लिए श्रीणेय कांवड़ आयोग का गठन जरूरी है। आयोग की साइट पर जाकर कोई भी शिवभक्त कांवड़ियां निर्धारित शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन करा सकेगा। रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रत्येक कांवड़िए के इंशोरेन्स की व्यवस्था भी लागू होनी चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की दशा में पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की जा सके। बताया गया कि यदि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा आदि राज्य मिलकर श्रीणेय कांवड़ आयोग का गठन करते हैं और प्रत्येक रजिस्ट्रेशन के बदले 300 से लेकर 500 रुपए की राशि ली जाती है, तो उससे कांवड़ियों के इंशोरेंस, लाईट व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**48 वर्ष पूर्व इंदिरा गांधी की सिफारिश पर इमरजेंसी लागू**



**नई दिल्ली, 24 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 25 जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1529- मुगल शासक बाबर बंगाल पर विजय प्राप्त कर अपनी राजधानी आगरा लौटा। 1788- वर्जीनिया अमेरिका का संविधान अपनाने वाला 10वां प्रांत बना। 1932- भारतीय क्रिकेट टीम ने ब्रिटेन के लॉर्ड्स मैदान पर पहला टेस्ट मैच खेला। 1941- फिनलैंड ने सोवियत संघ पर हमले की घोषणा की। 1947- एन फ्रैंक की डायरी ऑफ ए यंग गर्ल का प्रकाशन हुआ। इसकी करोड़ों प्रतियां बिकीं और इसका 67 भाषाओं में अनुवाद किया गया। 1950- उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच गृह युद्ध शुरू हुआ। 1974- बॉलीवुड अभिनेत्री करिशमा कपूर का जन्म। 1975- इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की। 1983- भारत ने वेस्टइंडीज को 43 रनों से हरा कर पहली बार क्रिकेट विश्व कप जीता। 2005- ईरान के राष्ट्रपति चुनावों में अति कट्टरपंथी माने जाने वाले महमूद अहमदी नेजाद की जीत की घोषणा। 2009- अमेरिकी गायक और नृत्य माइकल जैक्सन का निधन। 2017- श्रीकान्त ने ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज का खिताब जीता। 2019- स्पेसएक्स ने अपने फाल्कन हेवी रॉकेट को केप कैनवेरल से प्रक्षेपित किया।

# गोरखनाथ मंदिर के महंत योगी घायल, ग्रामीणों ने घेरा

### योगी ने थाने में तहरीर देकर खुद की जान को बताया खतरा, प्रधान पक्ष की तरफ से भी योगी के खिलाफ दी गई तहरीर

### मंदिर में महंत योगी ने आज बुलाई है बड़े साधुओं और संतों की बैठक



**खतौली, 24 जून (बु.)।** शाहपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर के महंत सावरकर नाथ योगी विवादों में आ गये हैं। महंत ने सुबह कुछ लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी। बाद में ग्रामीणों ने प्रधान पति के नेतृत्व में खतौली कोतवाली पहुंचकर महंत योगी पर गंभीर आरोप लगाये। उनका कहना था कि महंत शराब के नशे में महिलाओं से अभद्रता करता है, उसे मंदिर से तत्काल हटाया जाये।

खतौली क्षेत्र के शाहपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर के महंत सावरकर नाथ योगी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गुरूवार की शाम को वह मंदिर स्थित अपने आवास पर जा रहा था, तब कुछ लोगों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में उसका सिर फट गया। आरोप लगाया कि एक नम्बर से लगातार उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि रविवार को बड़े साधुओं को बुलाया गया है। उनके निर्णय के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। उधर शाहपुर ग्राम प्रधान रेखा के पति की अगुवाई में ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर आरोप लगाया कि कथित महंत अक्सर शराब पीकर मंदिर परिसर में किन्नरों को बुलाकर डांस कराता है। यही नहीं महिलाओं के साथ भी अभद्रता करता है। विरोध करने पर आरोपी -झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहा है। पुलिस से पूरे मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की गयी है। प्रार्थना पत्र पर प्रधान रेखा, ब्रजेश कुमार, मस्तराम, सोहन सिंह, संजय कुमार आदि के हस्ताक्षर भी शामिल हैं।

## व्यापारियों की आवाज ने शिव भक्तों की सेवा को किया प्रेरित

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल की एक बैठक संगठन विस्तार के लिए मौहल्ला रामपुरी में अमित धीमान के आवास पर हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता और संचालन जिला महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

कोषाध्यक्ष हिमांशु गोयल ने जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता और नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता की संस्तुति पर अमित धीमान को नगर सचिव नियुक्त किया। सर्वप्रथम शलभ गुप्ता और जनार्दन विश्वकर्मा ने अमित धीमान, रवि दत्त, अंकित वर्मा, कपिल कुमार, पवन, अंकित गर्ग, प्रदीप धीमान, सुबोध त्यागी, राजेश कुमार, अंकित वर्मा, गुलनवाज, पवन धीमान, कपिल धीमान, रामकिशोर आदि को माला पहनाकर स्वागत किया। सभी को व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण कराई और उनसे ईमानदारी से व्यापारियों के हित के लिए करने की अपील की गई। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि सभी व्यापारी ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं और आने वाले दिनों में यहां आयोजित होने वाले कावड़ मेले में शिव भक्तों की सेवा के लिए पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अमित धीमान ने व्यापार मंडल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी आपने मुझे सौंपी है, उसका मैं पूरी ईमानदारी से पालन करूंगा और हमेशा व्यापारियों के हितों के लिए संघर्षरत रहूंगा। कार्यक्रम में सैंकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

# श्रीराम कॉलेज में तीन दिवसीय वेब कंटेंट राइटिंग कार्यशाला संपन्न



**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** श्री राम कॉलेज के जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा वेब कंटेंट राइटिंग विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन शनिवार को बीजेएमसी अंतिम वर्ष के छात्र निक्षेय धीमान ने सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन के गुर सिखाए। इस कार्यशाला में उन्होंने विद्यार्थियों को कॉन्टेंट मैनेजमेंट सिस्टम वर्डप्रेस का उपयोग बताया। गुगल कीवर्ड प्लैनर तथा अन्य ऑनलाइन टूल्स की मदद से कीवर्ड रिसर्च को विस्तार एवं व्यावहारिक रूप से समझाया।

निक्षेय धीमान ने वर्डप्रेस पर कॉन्टेंट अपलोड करना, वर्डप्रेस के लिए इमेज एडिट करना, इंटरनल और आउटबाउंड लिंक की मदद से कॉन्टेंट को ऑप्टिमाइज करना, गुगल की मदद से सही टैग्स का चयन करना, की- वर्ड रिसर्च तथा की वर्ड स्टफिंग के बारे में जानकारी दी। निक्षेय धीमान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष रवि गौतम ने बताया कि इससे विद्यार्थियों का लेखन कौशल बढ़ा है, जो पत्रकारिता में महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ऑनलाइन मीडिया की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है, जो विद्यार्थियों के ज्ञान को विकसित करने में सहायता करेगी। वेब कॉन्टेंट राइटिंग में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन की विशेष भूमिका है। जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के प्रवक्ता मयंक वर्मा, शिवानी बर्मन, कहकशां मिर्जा आदि मौजूद रहे।

## नलकूप पर चोरों ने टोकने पर की किसान के पुत्र से हाथापाई



**भोपा, 24 जून (बु.)।** गांव बहुपुरा के जंगल में नलकूप पर केबिल चोरी करते समय चोरों ने किसान के बेटे के साथ हाथापाई की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। गांव फिरोजपुर निवासी नरेंद्र का बेटा निशांत बीते शुक्रवार की देर शाम बहुपुरा गांव के जंगल में स्थित नलकूप पर पानी देखने गया था, जहां पर उसने देखा कि दो युवक नलकूप का केबिल काटने में जुटे हुए हैं, जिन्हें देखकर वह हक्का-बक्का रह गया और उसने शोर मचाया तो चोरों ने उसके साथ हाथापाई करते हुए उसकी बाइक की चाबी को निकाल कर फेंक दिया तथा बाइक को नीचे गिरा दिया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर खेतों पर काम कर रहे लोगों को आता देख चोर मारपीट करते हुए भाग गए। निशांत ने परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना के बारे में पूछताछ की। इससे पहले भी बीते 19 जून को भोकरहेड़ी चेयरमैन पति रमेशचंद, सभासद पति अंकुर, काजी मन्सूर व काजी आमिर, यशवीर सिंह की नलकूप की दीवारों को तोड़कर चोरों ने कीमती सामान चोरी कर लिया था।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 24 जून, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

| | |
|---|---|
| सोना- 60,000 | चांदी-70,000 |
| सिक्का- 850 | गिन्नी- 45,500 |

### आपका आज का राशिफल

**रविवार, 25 जून, 2023**

मेष- आरोग्य सुख, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ, पारिवारिक प्रसन्नता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

वृषभ- आज सायं 4/52 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आ्थक लाभ।

मिथुन- आज सायं 4/52 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी।

कर्क- विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

सिंह- मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

कन्या- आज सायं 4/52 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, शेष समय में आ्थक प्रगति, निजी इच्छाकी पू्त, किसी विवाद का समापन।

तुला- आज सायं 4/52 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोध अधिकता, मानसिक तनाव, आ्थक हानि।

वृश्चिक- नवयोजना की शुरुआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

धनु- दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पू्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

मकर- आज सायं 4/52 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

कुम्भ- आज सायं 4/52 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव।

मीन- किसी योजना की शुरुआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# बातों ही बातों में अनस ने बना दिया अफशीन का पोर्ट्रेट



**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बीएफए संकाय द्वारा पोर्ट्रेट डेमोंस्ट्रेशन सेशन का आयोजन किया गया, मेरठ से आये अतिथि कलाकार अनस सुल्तान ने लाईव पोर्टेट का डेमोंस्ट्रेशन दिया।

अतिथि कलाकार ने बीएफए चतुर्थ वर्ष फैशन डिजाईनिंग की छात्रा अफशीन सिद्दीकी का पोर्ट्रेट देखते ही देखते बहुत खूबसूरती के साथ कैनवस पर उतारा, जिससे कला का एक अनोखा माहौल देखने को मिला। इसमें सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ से ललित अहलावत, एसएसडी इंटर कॉलेज लाल कुर्ती मेरठ से कला शिक्षिका प्रीति, बीबीके डीएवी कॉलेज अमृतसर से प्रवक्ता कुमार वैभव, लीड्स आर्क मार्केटिंग कोलकाता से शिवानी कश्यप, डीएवी कॉलेज मुजफ्फरनगर से शुभम शर्मा, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से अंजुम प्रवीण, ताराचंद वैदिक पुत्री कॉलेज से माहेनूर, श्रीराम कॉलेज से नैना वर्मा, पायल सैनी, सीमा त्यागी, चांदनी आदि ने सहभागिता की। प्राचार्य डा. संदीप मित्तल एवं ललित कला विभागाध्यक्ष डा. अमित कुमार ने अतिथि कलाकार अनस सुल्तान को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। ललित कला संकाय के शिक्षकों जिनमें डा. आशीष, डालचन्द, अर्चना, सुनील सैनी, नेहा मलिक, प्रीति शर्मा, विंशु मित्तल, दानिया अंसारी आदि ने सहयोग किया।

## एसडी कॉमर्स में गर्मी तथा मानसून पर भाषण प्रतियोगिता

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के में आज वाणिजय विभाग, एक्टीविटी क्लब एवं आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी थीम गर्मी तथा मानसून जनित बीमारियों के प्रति जागरूकता रही। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डा. रवि अग्रवाल, एकता मित्तल, डा. नवनीत वर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अभिषेक, अर्पित कौशिक, लभन पुण्डीर, शगुन चौधरी, अक्षर पुण्डीर, ईशा, अलफिया, स्नेहा एवं अपूर्वा आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान लभन पुण्डीर, द्वितीय स्थान शगुन चौधरी एवं तृतीय स्थान अलफिया ने जीता व सांत्वना पुरूस्कार ईशा व अक्षरा पुण्डीर को मिला। निर्णायक की भूमिका में एकता मित्तल एवं मानसी अरोरा रहीं, संचालन डा. अतुल वर्मा ने किया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों को लोगों को जागरूक करना चाहिए। वाणिज्य संकाय से डा. माधुरी अरोरा, डा. जगमोहन जोदान, डा. सुरेश चन्द शुक्ला, डा. नदीम, डा. मानसी अरोरा, डा. अजय महेश्वरी, डा. अतुल वर्मा, प्रशान्त शर्मा, प्राची चौधरी, अमन वर्मा, आशा मौजूद रहे।

## धरना प्रदर्शन के बाद पुलिस ने किशोरी को किया बरामद

### 12 जून से गांव बेलडा से लापता थी किशोरी, भोपा थाने पर शुक्रवार को लोगों द्वारा किया गया था प्रदर्शन

**भोपा, 24 जून (बु.)।** क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बेटी को गायब करने का आरोप गांव के ही तीन युवकों पर लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। किशोरी की बरामदगी न होने पर पुलिस पर आरोप लगाते हुए प्रजापति समाज के लागों ने शुक्रवार को थाने पर धरना प्रदर्शन किया था। शनिवार को किशोरी को बरामद कर लिया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलडा निवासी किशोरी 12 जून को घर से गायब हो गई थी। पिता ने गांव के ही राजू व उसके दोनों भाई अरूण व मोंटी के खिलाफ बहला फुसलाकर अगवा करने का मुकदमा दर्ज कराया था। दस दिन बीतने पर भी किशोरी की बरामदगी नहीं होने से शुक्रवार को भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति के नेतृत्व में थाने पर धरना प्रदर्शन करते हुए किशोरी की शीघ्र बरामदगी की मांग की थी। शनिवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि किशोरी को बरामद कर लिया गया है तथा मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है, जिसके बाद न्यायालय में किशोरी के बयान दर्ज किये जायेंगे।

# चिकित्सकों को नवीन चिकित्सा तकनीक के बारे में बताया



**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** आईएमए ने अपने सदस्य चिकित्सकों को चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अपडेट रखने के लिए साइंटिफिक प्रोग्राम का आयोजन किया। चिकित्सा विषय विशेषज्ञों को बुलाकर चिकित्सा क्षेत्र में नए अनुसंधानों और नवीनतम रोग निदान के बारे में जानकारी दी। मेरठ से पधारे कार्डिओ वेस्कुलर एंड थोरेसिक सर्जन (हृदय शल्य चिकित्सक) डॉ. दीपक खुराना ने पंपिंग बीटिंग हर्ट सर्जरी पर नई जानकारी दी। नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भारत सुखीजा ने नवजात शिशु के जन्म के समय डिलीवरी रूम में कैसे देखभाल करें, पर बताया।

आईएमए मुज़फ़्फ़रनगर ने सर्कुलर रोड स्थित आईएमए भवन में एक सीएमई का आयोजन किया। डॉ. दीपक खुराना व डॉ. भारत सुखीजा का आईएमए सचिव डॉ. प्रदीप कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। डॉ. भारत सुखीजा ने नवजात शिशु के जन्म पर बताते हुए कहा कि यदि बच्चे को कोई परेशानी है जैसे समय से पहले जन्मे बच्चे, कम वजन के बच्चे, जन्म के बाद देर से रोये बच्चे या अन्य किसी परेशानी आदि को कैसे देखा जाये और उसको कैसे उपचार दें, आधुनिकतम विधि के बारे में विस्तार से बताया। सभा की अध्यक्षता आईएमए अध्यक्ष डॉ. ललिता माहेश्वरी ने की व मंच का संचालन डॉ. हरीश कुमार ने किया। चिकित्सकों द्वारा उठायी गई विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया। मुख्य रूप से डॉ. एमआरएस गोयल, डॉ. एससी गुप्ता, डॉ. गिरीश मोहन सिंघल, डॉ. आरएन गंगल, डॉ. ईश्वर चंद्रा आईएमए कोषाध्यक्ष, डॉ. सुनील सिंघल आईएमए मीडिया प्रभारी, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. बीके जैन, डॉ. तुषार गुप्ता, डॉ. सहज गर्ग, डॉ. मनीष अग्रवाल, डॉ. अनीता अग्रवाल, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. कुलदीप सिंह चौहान, डॉ. सुजीत कुमार सिंह, डॉ. पीके चाँद, डॉ. विकास गर्ग, डॉ. मनेश अग्रवाल, डॉ. अजय सिंघल, डॉ. एके अग्रवाल, डॉ. अविनाश रमानी, डॉ. नीना रमानी, डॉ. राजीव काम्बोज, डॉ. कार्तिक अरोड़ा आदि उपस्थित थे। अतुल कुमार का विशेष सहयोग रहा।

Transform your DREAMS into REALITY @
SRGC Shri Ram Group of Colleges
Approved by UGC, AICTE, COA, NCTE, PCI & BCI
Affiliated to AKTU and BTEUP, Lucknow, MS University, Saharanpur & SCERT, Lucknow
Admission/ Registration Open
Ranked among the Top 25 NAAC Accredited Colleges in India
Shri Ram College, Muzaffarnagar A++ Grade Certified College by NAAC
Our University Toppers-2023

Courses Offered
BTech | Polytechnic | BArch | MBA
MCA | BPharm | DPharm | MEd
BEd | DElEd | MPEd | BPEd | BPES
MSc (Maths, Chemistry, Biotechnology, Microbiology)
MSc-Home Science (Food & Nutrition, Clothing & Textile, Home Management) | MCom | MSc-Agriculture (Agronomy, Agricultural Chemistry & Soil Science)
MFA (Fashion Design, Applid Arts, Textile Design, Drawing & Painting) | MAJMC | BBA | BCA
BCom | BAJMC | BFA | LLB | BALLB
BComLLB | BVoc (Yoga) | BSc (PCM, CBZ)
BSc (Biotechnology, Microbiology, Home Science, Agriculture) | ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT )
संस्थान में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध
रजिस्ट्रेशन फीस एवं ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन सर्विस फ्री
Sunday Open
Contact @
Engg- 9927079966, 7088013180 Arch- 9917111139,
Poly- 9837755504, 9917116655, Mgmt.- 9917160786,
Law- 9927227744, HSc- 8800538281 Fine Arts- 9719402220,
Pharmacy- 9919966070, Other Courses- 9358348700
Campuses : Parikarma Marg/ Circular Road/ Roorkee Road, Muzaffarnagar
log on : www.srgcmzn.com e-mail : src_mzn@rediffmail.com

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

